Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005
Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to include 'Sagar Dughdha Sangh' Sagar, Madhya Pradesh in the rehabilitation scheme for its revival.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में लम्बे समय से सागर दुग्ध संघ कार्य कर रहा था। इसका कार्य काफी अच्छा चल रहा था, लेकिन कुछ सालों पहले इसको बंद कर दिया गया। जबकि इसकी अपनी जमीन है, प्लान्ट है और भवन भी है। इसमें कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। जब जबलपुर, ग वालियर और उज्जैन के दुग्ध संघ कई गुना घाटे में चल रहे थे तो केन्द्र सरकार ने उनके लिए पुनर्वास योजना स्वीकृत की थी। सागर दुग्ध संघ का घाटा मात्र 636.46 लाख रूपये ही था, लेकिन उस घाटे को पुनर्वास योजना में शामिल नहीं किया गयÉÉ[MSOffice78]।

20.00 hrs.

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि इसके प्रारंभ होने से न केवल इसमें कार्यरत कर्मचारी लाभान्वित होंगें बल्कि डेयरी मालिक और किसान, जो गाय, भैंसें पालकर उसके माध्यम से रोजगार में लगे हुए हैं, उन्हें भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सागर दुग्ध संघ द्वारा केन्द्र शासन के समक्ष सागर दुग्ध संघ को पुनर्वास योजना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सागर दुग्ध संघ को केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्वास योजना में शामिल करने की स्वीकृति देने का कट करें।